RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 62 • 15:03:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

बिन पानी सब सून

## दर-दर भटक रहे 'प्यासे' बंदर, बेंगलुरु में हाहाकार

### बढ़ता जा रहा जल संकट, आईपीएल पर पड़ेगा असर!

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** अपने सबसे भीषण जल संकट से जूझ रहे बेंगलुरु में इंसानों के साथ-साथ जानवरों का भी बुरा हाल है। यहां के बंदर पानी की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं। जैसे-जैसे गर्मी का तापमान बढ़ रहा है पानी की कमी भी और बढ़ती जा रही है। जानवर प्यास बुझाने के वास्ते लोगों के घरों में जा रहे हैं। शहर के नागरिक निकाय बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) को जानवरों की शिकायतें मिल रही हैं। बीबीएमपी से लोग शिकायत करते हुए कह रहे हैं कि भोजन और पानी की तलाश में बंदर उनके घरों में घुस रहे हैं और बच्चों से भोजन छीनने और यहां तक कि हमले भी कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बेंगलुरु शहरी के उप वन संरक्षक, रवींद्र कुमार एन ने इसके पीछे तेजी से हो रही पेड़ों की कटाई को



जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु शहर कभी पेड़ों और बगीचों का दावा करता था, लेकिन आज यहां तेजी से ऊंचे अपार्टमेंट के नाम पर कंक्रीट का जंगल बन रहा है। रवींद्र ने कहा, यह एक क्लासिक मानव-पशु संघर्ष की स्थिति है, जैसा कि हम तेंदुओं और हाथियों के साथ देखते हैं। जब वन विभाग को ऐसी शिकायतें मिलती हैं, तो वह इसे कार्रवाई और समाधान के लिए बीबीएमपी के पास भेजता है। समस्या को सुलझाने में मदद के लिए बीबीएमपी के साथ वन अधिकारी तालमेल बिठा रहे हैं। बीबीएमपी को जिन क्षेत्रों से अक्सर शिकायतें मिलती हैं, वे हैं इंदिरानगर, राजाजीनगर, राजराजेश्वरीनगर, बोम्मनहल्ली हैं।

## तमिलनाडु के मंत्री ने पीएम मोदी को दी मारने की धमकी

### बोले-मैं मंत्री नहीं होता तो उसको टुकड़ों में फाड़ देता, दिल्ली में एफआईआर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मंत्री टी.एम. अनबरसन का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो पीएम मोदी के खिलाफ विवादित बयान दे रहे हैं। इसमें वो कह रहे हैं कि मैंने अभी शांति रखी हुई है, क्योंकि मैं एक मंत्री हूं। मैं मंत्री न होता तो उसको (पीएम मोदी) को टुकड़ों में फाड़ देता। उनका यह बयान पिछले हफ्ते का बताया जा रहा है। अनबरसन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया है। टी.एम. अनबरसन तमिलनाडु में एमके स्टालिन की अगुवाई वाली डीएमके-कांग्रेस गठबंधन सरकार में ग्रामीण उद्योग मंत्री हैं। वायरल वीडियो में अनबरसन कह रहे हैं कि हमारे कई प्रधानमंत्री हुए, कोई ऐसे नहीं बोलता था। मोदी हमें मिटाने की बात करता है, लेकिन मैं एक बात याद दिला दूं कि डीएमके कोई सामान्य संगठन नहीं है।

## चुनाव लड़ने के लिए हमारे पास नहीं है पैसा

### खरगे का छलका दर्द; खातों पर रोक को बताया वजह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को संकेत दिया कि पार्टी के पास पैसे की कमी है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों द्वारा दिया गया चंदा जिन बैंक खातों में जमा किया गया था, उनपर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है तथा आयकर विभाग ने



पार्टी पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया है। खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे देश में संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में एक साथ मजबूती से खड़े हों और कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करें। खरगे ने चुनाव में समान अवसर की आवश्यकता पर जोर दिया और आरोप लगाया कि भाजपा ने आयकर विभाग का सहारा लेकर कांग्रेस के खातों पर रोक लगवाई और जुर्माना लगवाया है। उन्होंने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद भाजपा चुनावी बॉण्ड के माध्यम से मिले हजारों करोड़ रुपये का खुलासा करने के लिए तैयार नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, ''यह हमारी पार्टी का पैसा था जो आप लोगों ने चंदे के रूप में दिया था, उन्होंने इसे फ्रीज कर दिया है और हमारे पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं...।

## एक देश एक चुनाव... कोविंद कमेटी ने राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट

### इसमें 18 हजार पेज, 2029 में एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ



कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। यह 18,626 पन्नों की है। इसमें कहा गया है पैनल का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक देश-एक चुनाव पर 47 राजनीतिक दलों ने कमेटी को अपनी राय दी। इनमें से 32 ने पक्ष में और 15 ने विपक्ष में मत रखा है। सभी राज्य विधान सभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए। हंग हाउस, नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट कार्ड तैयार करेगा।

### विरोध में राजनीतिक दल ही नहीं, हाईकोर्ट के पूर्व जज भी शामिल

कोविंद कमेटी ने जो रिपोर्ट दी है उसमें यह भी बताया है कि किस-किस ने इसका विरोध किया है। 15 राजनीतिक दलों के अलावा 3 रिटायर्ड हाईकोर्ट के जजों के अलावा और एक पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त भी शामिल थे। इनमें दिल्ली एचसी के पूर्व चीफ जस्टिस अजीत प्रकाश शाह, कलकत्ता एचसी के पूर्व चीफ जस्टिस गिरीश चंद्र गुप्ता और मद्रास एचसी के पूर्व चीफ जस्टिस संजीब बनर्जी का नाम शामिल है। वहीं, तमिलनाडु के चुनाव आयुक्त वी पलानीकुमार ने भी एक देश एक चुनाव का विरोध किया। इनके अलावा सुप्रीम कोर्ट के सभी चार रिटायर सीजेआई एक साथ चुनाव कराने के पक्ष में थे।

## अश्लील कंटेंट दिखाने वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म बैन

### सरकार ने 19 वेबसाइट,10 ऐप और 57 सोशल मीडिया हैंडल भी ब्लॉक किए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को अश्लील कंटेंट प्रसारित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। इसके साथ 19 वेबसाइट्स 10 ऐप्स और 57 सोशल मीडिया हैंडल्स भी ब्लॉक कर दिए हैं। ये ऐप, ओटीटी प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एंटरटेनमेंट के नाम पर



अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो पेश कर रहे थे। इससे पहले इन ओटीटी ऐप्स को कई बार चेतावनी दी गई थी, इसके बावजूद इनके कंटेंट में किसी तरह का सुधार नहीं पाया गया। 12 मार्च को केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय की बैठक में यह फैसला ले लिया गया था। हालांकि इन ऐप्स की लिस्ट आज जारी की गई हैं। सरकार के मुताबिक, इनके कंटेंट में अश्लीलता थी। कई जगह महिलाओं को अपमानजनक तरीके से दिखाया जाता था। स्टूडेंट और टीचर के रिश्तों के अलावा पारिवारिक रिश्तों को भी गलत तरीके से पेश करते हैं।

## खुदरा के बाद अब थोक महंगाई दर पर भी आ गई है गुड न्यूज

### फरवरी में महंगाई दर 0.27 से घटकर 0.20 फीसदी पर आई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में महंगाई से परेशान आम आदमी के लिए अच्छी खबर है। भारत में पिछले महीने यानी फरवरी में थोक महंगाई कम होकर 0.20 फीसदी पर आ गई है। महंगाई का ये 4 महीने का निचला स्तर है। नवंबर में महंगाई 0.26 फीसदी रही थी। खाद्य पदार्थों की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद थोक मुद्रास्फीति की दर फरवरी में कम हुई है। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक नकारात्मक दायरे में थी, लेकिन नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत पर सकारात्मक हो गई थी। एक साल पहले



फरवरी, 2023 में महंगाई दर 3.85 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते हुए कहा, अखिल भारतीय डब्ल्यूपीआई संख्या पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर फरवरी 2024 के महीने में 0.20 प्रतिशत (अस्थायी) रही है। आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी के 6.85 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर 6.95 प्रतिशत हो गई। सब्जियों की महंगाई दर बढ़कर फरवरी में 19.78 प्रतिशत हो गई।

## बिहार में भाजपा ने ढूंढ़ लिया 'चिराग संकट' का नया हल

- रामविलास के पुराने फॉर्मूले से चाचा पारस और भाई प्रिंस होंगे सेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनावों से पहले बिहार में हर दिन सियासी हालात बदल रहे हैं। बुधवार को जब से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और जमुई सांसद चिराग पासवान की मुलाकात और सीट शेयरिंग पर समझौते की खबर आई है, तब से कयास लगाए जा रहे हैं कि चिराग के चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस एनडीए छोड़कर महागठबंधन में शामिल हो सकते हैं। सीट शेयरिंग समझौते के तहत चाचा पारस की जगह चिराग को ज्यादा तवज्जो देते हुए भाजपा ने उन्हें पांच सीटें दी हैं। माना जा रहा है कि इनमें हाजीपुर की भी सीट शामिल है, जहां से पशुपति पारस अभी सांसद हैं। भाजपा ने नाराज पशुपति पारस और चिराग के चचेरे भाई प्रिंस को भी सेट करने का प्लान बनाया है।



## भारत-चीन के बीच बढ़ रही है झड़प की आशंका

### श्रीलंका में आर्मी बेस बनाने की फिराक में ड्रैगन, यूएस ने चेताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प को लेकर चेतावनी जारी की है। अमेरिकी एजेंसियों का मानना है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब दोनों ही देशों के सैनिकों की उपस्थिति आज भी जारी है। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि कैसे चीन अपनी शक्ति दिखाने और विदेशों में अपने हितों की रक्षा करने के लिए श्रीलंका और पाकिस्तान सहित कई अन्य देशों में सैन्य अड्डे स्थापित करना चाहता है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और चीन के बीच विवादित सीमा को लेकर तनाव की स्थिति फिलहाल बनी रहेगी। दोनों देशों के बीच भले ही 2020 के बाद से झड़प देखने को नहीं मिली है, लेकिन वे बड़ी संख्या में अपने सैनिकों को तैनात किए हुए हैं। इसके कारण दोनों देशों के बीच छिटपुट मुठभेड़ों का जोखिम बना हुआ है। इस रिपोर्ट में चीन की सैन्य विस्तार की योजना, आक्रामक चीनी साइबर



अभियान और 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों को प्रभावित करने की चीन की कोशिशों की भी बात की कही गई है।

## ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू बने दो नए चुनाव आयुक्त

- प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली बैठक में फाइनल हुए नाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू देश के दो नए चुनाव आयुक्त होंगे। गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में इन दोनों नामों पर सहमति बन गई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी इन नामों की जानकारी दी है। गौरतलब



है कि चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद चुनाव आयुक्त का एक और पद खाली हो गया था जबकि एक स्थान पहले से ही खाली था। चुनाव आयुक्त चुनने वाली समिति की बैठक के बाद, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उनके (सरकार) पास समिति में बहुमत है। पहले, उन्होंने मुझे 212 नाम दिए थे, लेकिन नियुक्ति से 10 मिनट पहले उन्होंने मुझे सिर्फ छह नाम दिए। मुझे पता है कि मुख्य न्यायाधीश वहां नहीं है, सरकार ने ऐसा कानून बना दिया है कि सीजेआई दखल नहीं दे सकता और केंद्र सरकार अपनी पसंद का नाम चुन सकती है।

सावधान!

## 'दीदी', एके और ओवैसी के झांसे में मत आना

### सीएए के पक्ष में मुस्लिमों से इस्लामिक स्कॉलर ने की अपील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नागरिकता संशोधन कानून पर जहां एक तरफ सियासी संग्राम छिड़ा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ कई मुस्लिम स्कॉलर्स ने देशभर के मुसलमानों से किसी नेता के बहकावे में न आने की अपील की है। मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी के पूर्व चांसलर फिरोज बख्त अहमद ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) से देशभर के मुसलमानों को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लिए सीएए के बारे में बहस या विरोध करने का कोई आधार ही नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएए का सरोकार मुसलमानों से नहीं है। अहमद ने कहा, आज हर चैनल पर सीएए पर बहस हो रहा है, जिससे यह धारणा बन गई है कि इसमें कुछ पेच है, जबकि इस कानून में बहस करने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कानून लोगों को नागरिकता का अधिकार देने के बारे में है, किसी की नागरिकता छीनने के लिए नहीं




बनाया गया है। उन्होंने सीएए के खिलाफ नेताओं के बयानों पर भरोसा नहीं करने और उनके बहकावे में नहीं आने की अपील की है। बता दें कि दिसंबर 2029 में संसद ने 1955 के नागरिकता कानून में संशोधन किया है, जिसे केंद्र सरकार ने सोमवार को लागू किया है। बदले हुए नियम के तहत 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आ चुके हिन्दू, सिख, ईसाई, जैन और बौद्ध धर्म के शरणार्थियों को नागरिकता दी जाएगी। इसमें मुस्लिम शरणार्थियों को शामिल नहीं किया गया है। जब उनसे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के मुद्दे के बारे में पूछा गया, जिसे ममता बनर्जी और असदुद्दीन ओवैसी जैसे विपक्षी दलों के नेताओं ने उठाया है, तो अहमद ने कहा, एनआरसी कल आना है, वह आज ही आ जाए। उन्होंने पूछा कि किसी भी भारतीय मुसलमान को इनसे क्यों डरना चाहिए।

## सीएए नहीं होगा वापस, अखंड भारत के लोगों को देंगे शरण

- अमित शाह का विपक्षी नेताओं के साथ मुसलमानों को भी संदेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री ने नागरिकता संसोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर केंद्र सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए साफ शब्दों में कहा है कि इसे कभी भी वापस नहीं लिया जाएगा। साथ



ही उन्होंने इस दौरान अखंड भारत का भी जिक्र किया है। अमित शाह ने कहा,सीएए कभी वापस नहीं लिया जाएगा। हमारे देश में भारतीय नागरिकता सुनिश्चित करना ये भारत का विषय है और भारत की संप्रभुता का निर्णय है, हम इससे कभी समझौता नहीं करेंगे। इस दौरान देश के अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिम समुदाय को भी संदेश दिया है। सीएए की अधिसूचना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा,सीएए से इस देश के अल्पसंख्यकों या किसी और व्यक्ति को डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि सीएए में किसी की नागरिकता लेने का प्रावधान नहीं है। सीएए सिर्फ तीन देश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी शरणार्थियों को नागरिकता देने का कानून है।

# प्रदर्शन कला उत्सव: मूर्ख पुतले नाटक का हुआ मंचन, रंगकर्मियों ने दिखाई लोकतंत्र के चारों स्तंभ की नौटंकी



**बेगूसराय, एजेंसी।** संगीत नाट्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित नाटककारों द्वारा बेगूसराय में आयोजित किए जा रहे छह दिवसीय प्रदर्शन कला उत्सव के दूसरे दिन बुधवार की रात मनन नाट्य संस्थान भुवनेश्वर की टीम द्वारा पासंड पालाभूत यानी मूर्ख पुतले नाटक का मंचन किया गया। डॉ. एस. नायक लिखित नाटक का निर्देशित किया मनोज पटनायक ने। नाटक में तीन स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका पर आधारित लोकतंत्र को बचाने के लिए स्वघोषित चौथे स्तंभ के रूप के माध्यमों को दर्शाया गया था। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित निर्देशक मनोज पटनायक ने बखूबी दिखाया कि नाटक महिला नायक मैत्री पर केंद्रित है। जिसके साथ क्रूरता पूर्वक सामूहिक बलात्कार किया जाता है। उसे आत्महत्या के सिवा कोई दूसरा रास्ता नहीं दिखता है। मैत्री आत्महत्या करने का फैसला करती है। लेकिन माता-पिता ऐसा नहीं करने देना चाहते हैं। यह खबर शहर में फैल जाती है। जनप्रतिनिधि, पुलिस प्रशासन एवं सत्ता में बैठे मंत्री आदि मैत्री को न्याय दिलाने तथा दोषियों को कठोर सजा दिलाने का भरोसा और सांत्वना देते हैं। इस दौरान मैत्री के बचपन का दोस्त आलोक जीवन के अंधेरे मोड़ में एक प्रकाश स्तंभ के रूप की तरह आता है। इस बीच लोकतंत्र के चारों स्तंभों के प्रतिनिधियों के बीच खुद को जनता के ध्यान में लाने के लिए मैत्री को कठपुतली की तरह संभालने की होड़ मची रहती है। वह मैत्री और उसके माता-पिता को लुभाने के लिए कई तरह से चारा डालते हैं। नतीजतन मैत्री और उसके माता-पिता को अपने जीवन की कठिनाइयों से बचने के लिए कोई उपाय नहीं मिल पाता है। परिस्थितियां उन्हें आत्महत्या करने को विवश कर देती है। आत्महत्या के बाद लाशों के पास बैठकर आलोक उनकी दर्दनाक मौत पर शोक मनाता है और लोकतंत्र के प्रतिनिधियों को पासंड पालभुत यानी मूर्ख के पुतले के रूप में मानते हुए गालियां देता है। नाटक में दिखाया गया है कि किस प्रकार सरकार और प्रशासन सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थान पर बैठे हुए लोग लोकतंत्र को निगल रहे हैं। नाटक के बाद हरियाणवी लोकगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति महावीर सिंह गुड्डू और उनकी टीम द्वारा की गई। अतिथियों का स्वागत स्थानीय संयोजक अमित रोशन, चित्रकार सीताराम एवं ललन प्रसाद सिंह ने किया।

## हड़ताल के साथ मरीजों की सांसत खत्म

**भागलपुर, एजेंसी।** बीते दो दिन (मंगलवार एवं बुधवार) से जिले के 145 डॉटा इंट्री ऑपरेटरों द्वारा किया गया हड़ताल खत्म हो चुका है। इसके साथ ही अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की सांसत भी खत्म हो गई। गुरुवार को जब ओपीडी खुली तो मरीजों को रजिस्ट्रेशन कराने में कोई परेशानी नहीं हुई। सदर अस्पताल में संचालित तीनों काउंटर पर सुबह आठ बजे से ही इलाज के लिए पर्ची का कटना शुरू हो गया तो मरीजों की कतार रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी नहीं हुई। गौरतलब हो कि आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा कई साल से अस्पतालों में काम कर रहे डॉटा इंट्री ऑपरेटरों को बीते तीन साल में दूसरी बार टाइपिंग टेस्ट अनिवार्य कर दिया था। इसी के साथ न केवल ये लोग हड़ताल पर थे, बल्कि कामकाज का बहिष्कार भी कर दिए थे।

# लालू यादव सभी घोटाले के मुखिया हैं, बिहार में लंबे समय तक मौका मिला था

## चुनाव आते-आते इंडी गठबंधन बिखर जाएगा-मंत्री प्रेम कुमार

**जमुई, एजेंसी।** जमुई में बुधवार को बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने लालू यादव के कार्यकाल को गिनाया। उन्होंने कहा कि लालू यादव लंबे समय तक बिहार के सीएम रहे। केंद्र में रेल मंत्री भी रहे। लालू यादव को बिहार में लंबे समय तक मौका मिला। क्या हुआ चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला... सारे घोटाले के मुखिया कौन हैं, वह अपने समय में क्या किए? उनको अवसर मिला था बिहार को आगे बढ़ाने के लिए, उस समय बिहार कहां खड़ा था। गड्ढे का बिहार, अंधेरे का बिहार, कानून का नाम नहीं था। शाम के 6 बजे के बाद महिलाएं घर से निकलने से डरती थीं। आज मोदी जी अच्छा काम कर रहे हैं। लालू यादव के पास कोई ऐसा विषय नहीं है। हमारी सरकार अच्छा काम कर रही है और पूरे देश में मोदी लहर चल रहा है। इस बार हम लोग पूरे देश में 400 सीट जीतेंगे। फिर से मोदी सरकार होगी। इंडी गठबंधन को लेकर कहा कि उनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है, बंगाल में ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। नीतीश कुमार हमारे साथ आ चुके हैं, चुनाव आते-आते इंडी गठबंधन बिखर जाएगा।

**आने वाले समय में जनता सबक सिखाएगी:** बीजेपी नेताओं के 400 सीट जीतने के दावों को लेकर लालू यादव के बयान मुंगेरी लाल के हसीन सपने जैसे.. इस पर



उन्होंने कहा कि लालू यादव के बारे में सभी लोग जानते हैं। आने वाले समय में बिहार की जनता उनको सबक सिखाएगी। 2019 में आपने देखा कि 40 में से 39 सीट पर एनडीए ने जीत हासिल की था, इस बार बिहार में पूरे 40 सीट पर एनडीए की जीत दर्ज होगी और लालू, इंडिया गठबंधन जीरो पर आउट होंगे।

### विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है

सीएए कानून लागू होने के सवाल पर कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, हम सभी के लिए प्रसन्नता का विषय है। हिंदू समाज सहित ईसाई धर्मावली के लोग हों, धर्मावली जैन जैसे तमाम वह लोग हैं, जो आजादी के बाद से भारत में अपने अधिकारों के लिए वंचित थे, जो बांग्लादेश में, अफगानिस्तान में और पाकिस्तान में रह रहे थे, उनको नागरिकता देने के लिए कानून लाया गया है।

इस कानून का स्वागत होना चाहिए यह कानून देश हित में लाया गया है। हमारे परिवार के लोग जो भारत से बाहर रह रहे थे उनको मौका दिया जा रहा है। सीएए कानून के बाद लोग देश में आएंगे, आज कानून पार्लियामेंट से पास हुआ है। हम चाहेंगे कि यह कानून पूरे देश में लागू हो। जिससे आने वाले समय में लोगों को बेहतर लाभ मिले।

### कहीं कोई दिक्कत नहीं हुई

एनडीए की सीट शेयरिंग के सवाल पर उन्होंने कहा कि एनडीए में कोई ऊहा पोह नहीं है, उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव को याद दिलाते हुए कहा कि अनेक एलाइंस हमारे साथ थे, सबको साथ लेकर चले, कहीं कोई दिक्कत नहीं हुई। 2024 के चुनाव को लेकर भी बैठक हुई है और जल्द ही में सीट शेयरिंग का समाधान कर लिया जाएगा। वीआईपी पार्टी के मुकेश साहनी के इंडिया में होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी तो हुए अलायंस में नहीं हैं लेकिन आएंगे तो उनका भी स्वागत है।

## संक्षिप्त समाचार

### सांस के मरीजों के लिए खतरनाक हुई हवा

**भागलपुर, एजेंसी।** शहर में निर्माण कार्य में मानकों का उल्लंघन और गाड़ियों के जाम की वजह से हवा की गुणवत्ता खराब हो रही है। सांस के मरीजों के लिए हवा की गुणवत्ता खतरनाक के करीब पहुंच चुकी है। बृहस्पतिवार को मायागंज में एयर क्वालिटी इंडेक्स 169 तक पहुंच गया। चिंता वाली बात यह है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स अधिकतम 338 तक दर्ज किया गया। यानी जैसे जैसे दिन चढ़ा और गाड़ियों की आवाजाही शुरू हुई हवा की गुणवत्ता खराब होती गई। जहां हवा में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) 2.5 न्यूनतम 43.0 दर्ज किया गया है, वहीं इसकी अधिकतम मात्रा 338 तक जा पहुंची। वहीं इसका औसत 169 दर्ज किया गया। वहीं रिहायशी इलाके कचहरी स्थित डीएम कार्यालय के पास एयर क्वालिटी इंडेक्स 109 दर्ज किया गया। यहां भी एयर क्वालिटी इंडेक्स अधिकतम 300 के पार रहा। यहां अधिकतम एक्यूआई 322 दर्ज किया गया।

### नवटोलिया गांव के लोग अंचल कार्यालय पहुंचे कहा, अतिक्रमणकारियों को नहीं दी दूसरी नोटिस

**भागलपुर/बिहपुर, एजेंसी।** बुधवार को प्रखंड के झंडापुर पूरब पंचायत के वार्ड नंबर तीन नवटोलिया गांव के बड़ी संख्या में लोग अंचल कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के लिए पहली नोटिस बीते वर्ष नवंबर में दी गयी थी। लेकिन दूसरी नोटिस आजतक नहीं दी गयी। ग्रामीणों का आरोप था कि अतिक्रमणकारी व अंचल कार्यालय के कर्मी की मिलीभगत से दूसरी नोटिस नहीं दी गयी। ग्रामीणों के आक्रोश के देखते हुए सीओ लवकुश कुमार ने लोगों को समझाकर कहा कि जल्द ही दूसरी नोटिस की जाएगी। इसके बाद भी अतिक्रमण न हटाने पर तीसरी नोटिस भी की जाएगी। इसके बाद प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। सीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीण वापस लौट गये। वहीं दूसरे पक्ष ने झंडापुर ओपी थाने में आवेदन देकर कहा कि हमारा घर आसामाजिक तत्वों ने तोड़ा है। चार लोगों को नामजद करते हुए प्रमोद यादव ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। ओपी प्रभारी मधुसूदन पासवान ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### सुनीता की तबीयत बिगड़ी, चलने में परेशानी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अपनी दोनों किडनी गंवा चुकी सुनीता की तबीयत बिगड़ गई है। एसकेएसमीएच की आईसीयू में भर्ती सुनीता को सीने में संक्रमण की शिकायत हो गई है। उसके परिजनों ने बताया कि मंगलवार रात से उसे कमर के नीचे और दोनों पैरों में काफी दर्द है। पैर में दर्द होने से सुनीता को चलने में भी परेशानी हो रही है। परिजनों ने बताया कि दर्द के कारण उसे खाने में भी परेशानी है। उसके शरीर में सूजन हो गया है। सुनीता का इलाज करने वाले डॉ आरोहि कुमार ने बताया कि किडनी नहीं होने से सुनीता को परेशानी हो रही है। किडनी नहीं होने से ही उसके शरीर और पैर में दर्द रहता है। अभी उसकी हालत गंभीर नहीं है। इलाज चल रहा है। क्रिटनीन का स्तर भी ठीक है।




# फर्जी शिक्षकों का खुलासा:फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी करने वाले पांच शिक्षकों पर केस, होगी कार्रवाई

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने के मामला का खुलासा निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने किया है। इस मामले में जिले के दो अलग-अलग थानों प्राथमिकी दर्ज कराया है। कल्याणपुर थाने में चार और वारिसनगर थाने में एक शिक्षिक के उपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। निगरानी की इस कार्रवाई के बाद फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वालों शिक्षकों के बीच हड़कंप मच गया है। प्राथमिकी दर्ज होते ही फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वाले शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना के पुलिस उपाधीक्षक सह जिला शिक्षक नियोजन जांचकर्ता गौतम कृष्ण ने नोडल अधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) को रिपोर्ट दिया है कि निगरानी जांच में पांच शिक्षकों का प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। निगरानी विभाग की जांच में यह बात सामने आयी कि कल्याणपुर प्रखंड के प्रखंड नियोजन इकाई अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारहगामा की शिक्षिका काजल कुमारी का इंटर प्रमाण पत्र फर्जी है। कल्याणपुर प्रखंड के ही प्रखंड नियोजन इकाई अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय मंजिल मुबारक के शिक्षक राजीव कुमार का शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया है। वही,कल्याणपुर प्रखंड के ही प्रखंड नियोजन इकाई अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय लदौरा के शिक्षक रामसकल सहनी का शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया है। कल्याणपुर प्रखंड के ही प्रखंड नियोजन इकाई अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जटमलपुर ढाब के शिक्षक अर्जुन दास का शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया है। जिसके बाद इन सभी शिक्षकों पर कल्याणपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वारिसनगर प्रखंड के प्रखंड नियोजन इकाई अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोहिउद्दीनपुर के शिक्षक अमित कुमार का शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया है।

# स्कूलों में गुणवत्ता जांचने के बाद परोसा जाएगा अंडा

## शिक्षा विभाग के नए आदेश पर संघ का तंज, कहा– अब अंडे की क्वालिटी जांचेंगे हेडमास्टर

**पटना, एजेंसी।** बिहार के शिक्षा विभाग ने नया फरमान जारी किया है। इस नए फरमान के तहत स्कूलों में बच्चों को अंडा खिलाने के पहले अंडे की गुणवत्ता जांचना अनिवार्य कर दिया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से मीड डे मील योजना के निदेशक मिथिलेश मिश्रा ने सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिखकर ये निर्देश दिया है कि अंडों की गुणवत्ता जांचने के बाद ही बच्चों को खाने के लिए अंडा परोसा जाए।

शिक्षा विभाग ने कहा है कि मिड डे मील योजना के साप्ताहिक मेन्यू में प्रत्येक शुक्रवार/ रविवार को एक संपूर्ण उबला हुआ अंडा अथवा मौसमी फल विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों को दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में विभाग के द्वारा प्रतिदिन लगभग 40000 विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है।

जिसमें वरीय पदाधिकारी भी शामिल हैं। विगत दिनों अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, केके पाठक के द्वारा विद्यालय के भ्रमण और निरीक्षण के दौरान एक विद्यालय के कमरे में ताला लगा पाया गया। खुलवाने पर यह देखा गया कि एक बाल्टी में उबला हुआ अंडा भर कर रखा गया है और यह घटनाक्रम लगभग 4:00 बजे की थी।




### 10 बजे शुरू हो पढ़ाई

इस समय तक बच्चों की उपस्थिति पंजी में दर्ज नहीं थी। विभाग ने कहा है कि इस लापरवाही से यह प्रतीत होता है कि प्रधानाध्यापकों द्वारा बच्चों की भौतिक उपस्थित लिए बिना ही अंडों को उबाल दिया जाता है. जिसके कारण योजना के संसाधनों का दुरुपयोग होता है।विभाग ने निर्देश दिया है कि सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुबह 10:00 बजे तक प्रथम घंटी में ही दर्ज कर ली जाए। इसके बाद मिड डे मील योजना पंजी को 11:00 संधारित कर लिया जाए और इसके आधार पर ही बच्चों के लिए अंडा उबाला जाए। जो बच्चे शाकाहारी हैं उनके लिए केला या अन्य फल का प्रबंध करें और जो बच्चे अंडा खाते हैं उनके लिए ही अंडा उबाले।

### अंडा देने से पहले करें उसकी जांच

अंडा उबालने से पहले यह तय कर ले की अंडे की गुणवत्ता सही है कि नहीं। इसके लिए अंडा उबालने से पहले उसे पानी में डाला जाए और यदि पानी में अंडा डूब जाता है तो अंडा सही है और पानी में तैरता है तो अंडा खराब है। खराब अंडे और खराब फल को किसी भी परिस्थिति में बच्चों को खाने के लिए नहीं दिया जाना है। मिड डे मील के प्रभारी शिक्षक यदि अवकाश में जाते हैं तो किसी अन्य शिक्षक को प्रभार में देकर जाएं और प्रभारी शिक्षक इस निर्देश को पालन करें।

शिक्षक संघ के नेता अमित विक्रम ने कहा की शुक्रवार से सभी हेड मास्टर साहब बच्चों को क्या पढ़ना है इस पर ध्यान देना छोड़ करके अंडे की गुणवत्ता और उसकी संख्या पर विशेष ध्यान देंगे। एजुकेशन की क्वालिटी से कोई मतलब नहीं है। अंडे की क्वालिटी सही होनी चाहिए।

# गली के विवाद को लेकर दो पक्षों में झड़प:विवाद में हुई फायरिंग



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के संकट मोचन नगर मोहल्ले में गली के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई। जिसमें फायरिंग के दौरान कांच गड़ने से एक युवती घायल हो गई। जिसके बाद उसका इलाज आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया गया। मामला शुरूआती जांच में संदेहास्पद है। जानकारी के अनुसार, जख्मी युवती

## खिड़की पर खड़ी युवती कांच के टुकड़े लगने से जख्मी, पुलिस बोली मामला संदिग्ध

बिहिया थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह की 20 वर्षीया पुत्री रोहिणी सिंह है। घटना को लेकर आसपास की इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही नवादा थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

इधर, घायल युवती के चाचा अजीत सिंह ने बताया कि उनकी भतीजी की मां की एक माह पूर्व ब्रेन हेमरेज के कारण मौत हो गई थी। जिसको लेकर वह एक माह से उन्हीं के घर पर रहती है। उन्होंने बताया कि उनके मौसेरे भाई संजय सिंह से मोहल्ले के हीं एक युवक से गली को लेकर विवाद हो गया। जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ। उसी दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई। फायरिंग के दौरान गोली घर में लगे कांच पर लग गई। जिससे कांच टूट कर उनकी भतीजी रोहिणी कुमारी के कान में जा लगा। जिससे वह घायल हो गई।

इसके बाद उसका इलाज आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी युवती के चाचा अजीत सिंह ने मोहल्ले के ही अभिषेक कुमार नामक युवक पर गली के विवाद को लेकर झगड़ा करने एवं फायरिंग करने का आरोप लगाया है। वही पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि नवादा थाना अंतर्गत संकट मोचन नगर में धर्मेंद्र सिंह के भाई संजय सिंह के घर में एक सूचना प्राप्त हुई कि पड़ोसी से विवाद के क्रम में नीचे से खिड़की पर गोली चला दी गई। जिससे कि उनके घर की लड़की रोहिणी सिंह जख्मी हो गई लेकिन आगे सहायक पुलिस अधीक्षक सदर और थाना अध्यक्ष नवादा के द्वारा स्वयं घटनास्थल और अस्पताल में जाकर प्राथमिक जांच की गई तो प्रथम दृष्टया डॉक्टर ने भी लड़की के कान पर खिड़की के शीशे से हल्के खरोच बताई तथा घटनास्थल पर भी अधिकारियों के द्वारा लोगों तथा परिजनों से पूछताछ में गोली चलने की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। प्राथमिक जांच में यही प्रतीत हो रहा है कि नली-गली के विवाद में किसी के द्वारा खिड़की पर पत्थर या अन्य किसी चीज से मारा गया जिससे सीसा टूटने से लड़की के कान में हल्की चोट आई। पुलिस मामले की जानकारी प्राप्त कर आगे का अनुसंधान कर रही है।

# 50 फीसदी से कम गोला भरने वाले अभ्यर्थियों की बनेगी अलग सूची

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** 50 फीसदी से कम गोला भरने वाले अभ्यर्थियों की अलग सूची बनेगी। बीपीएससी तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा को लेकर सभी केन्द्राधीक्षकों को यह विशेष निर्देश मिला है। आयोग की ओर से इसके लिये अलग से फॉर्मेट भेजा गया है। 15 मार्च को जिले में 33 केन्द्रों पर बीपीएससी तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति की परीक्षा होगी। इस परीक्षा के लिए बुधवार को सभी केन्द्राधीक्षकों को सिटिंग प्लान के साथ ही अभ्यर्थियों की विशेष निगरानी को लेकर निर्देश दिया गया। आयोग ने निर्देश दिया है कि परीक्षार्थियों की निगरानी को लेकर दो अलग अलग कॉलम दिया गया है, जिसमें अलग अलग परिस्थिति के अभ्यर्थियों की सूची डालनी है। इसमें कॉलम एक में वैसे परीक्ष्ाार्थियों का रॉल नंबर देना है जिनके द्वारा ओएमआर एंसर शीट का 50 फीसदी से कम गोला भरा गया है। इसके अलावा संदेहास्पद या अन्य स्थिति वाले परीक्षार्थियों का रॉल नंबर कॉलम 2 में भरा जाएगा। डीईओ अजय कुमार सिंह ने कहा कि सभी केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि अगर किसी परीक्षार्थी के ऑनलाइन भरे गए आवेदन में अपलोड किए फोटो अस्पष्ट या रिक्त हैं तो एक घोषणा पत्र केन्द्र पर जमा करेंगे। केन्द्राधीक्षक इसे वीक्षक द्वारा अभिप्रमाणित कराते हुए सील करके आयोग को भेजेंगे। सभी केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया कि सिटिंग प्लान में किसी तरह की कोताही नहीं की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज दानवों ने ले ली एक और महिला की बलि

**दहेज घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**चाणक्य भूमि बेतिया।** नौतन थाना के डबरिया पंचायत के परसौनी में दहेज को लेकर एक विवाहिता की हत्या हो गई है। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भैज दिया है। मृतक महिला के परिजनों ने बताया कि शादी के बाद दहेज को लेकर आए दिन लड़की को मारपीट करते रहते थे। बृहस्पतिवार की दोपहर महिला की हत्या कर शव को घर में लटका दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक राधा देवी को पीट-पीट कर फांसी लगा दिया गया जिससे उसकी मौत हो गई। बता दे की पुरंदरपुर निवासी कंचन चौधरी ने हिंदू रीति रिवाज से 10 वर्ष पूर्व बैरा निवासी मथुरा चौधरी के पुत्र राजू चौधरी से की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही घर वाले दहेज को लेकर आए दिन मारपीट करते रहते थे। जिसकी सूचना मृतक राधा देवी अपने मायके दी थी। इधर बृहस्पतिवार को दहेज के लोभियों ने मृतक राधा देवी को पीट-पीट कर हत्या कर दी। मृतक के दो बेटा व एक बेटी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसी बेतीया भेज दिया है। एवं आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस !

### जिलाधिकारी ने 11 लाभुकों को प्रदान किया अनुकम्पा के आधार पर नयी जन वितरण प्रणाली दुकान की अनुज्ञप्ति

**चाणक्य भूमि बेतिया।** जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने बेतिया सदर अनुमंडल अंतर्गत कुल-11 लाभुकों को अनुकम्पा के आधार पर नई जन वितरण प्रणाली दुकान की अनुज्ञप्ति प्रदान की। लाभुकों में बैरिया प्रखंड के मंटु कुमार सोम, अशफाक आलम, नरेश गुप्ता, शैफ अली खान, चनपटिया प्रखंड के नितेश कुमार, मझौलिया प्रखंड के ब्रजेश कुमार सरकार, सपना कुमारी, गुड्डु साह एवं बेतिया प्रखंड के श्री संतोष पासवान, आदित्य कुमार तथा पुनिता देवी के नाम शामिल हैं। अनुकम्पा के आधार पर नई जन वितरण प्रणाली दुकान की अनुज्ञप्ति प्रदान करते हुए जिलाधिकारी ने लाभुकों से कहा कि विभागीय दिशा-निर्देश के अनुरूप ससमय खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे। खाद्यान्न लाभुकों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न मिलना चाहिए। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। ऐसा करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई भी की जायेगी। ज्ञातव्य हो कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न जिलास्तरीय आपूर्ति चयन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में बेतिया सदर अनुमंडल अंतर्गत कुल-11 लाभुकों को नयी जन वितरण प्रणाली दुकान की अनुज्ञप्ति प्रदान की गयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बेतिया, श्री अमरकेश डी, पुलिस अधीक्षक, बगहा, श्री सुशांत कुमार सरोज, उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता, श्री राजीव कुमार सिंह, एसडीएम, बेतिया सदर, श्री विनोद कुमार, एसडीएम, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल इलाज जीएमसीएच में जारी

**तेज रफ्तार टेंपो ने सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर दे मारी, जिसमें टेम्पू पर सवार करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घयल हो गए**

**चाणक्य भूमि बेतिया ।** बेतिया में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए करीब आधा दर्जन से अधिक लोगो का इलाज जीएमसीएच बेतिया में जारी, बता दे कि घटना सिरिसिया थाना क्षेत्र के जोगिया टोला की है, जहां तेज रफ्तार टेंपो ने सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर दे मारी, जिसमें टेम्पू पर सवार करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घयल हो गए है, बताया जाता है कि टेम्पू पर सभी सावर व्यक्ति बगहा के तरफ से बेतिया को आ रहे थे, सभी व्यक्ति एक ही थाना क्षेत्र के निवासी थे, ये एक समारोह में कीर्तन करने को जा रहे थे, तभी बेतिया समीप सिरिसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत यह हादसा हो बैठा। घटना करीब 7 बजे, बुधवार की देर संध्या की बताई जा रही है। वही घटना की जानकारी पर पहुंच स्थानीय थाना ने सभी घायलों को उपचार हेतु बेतिया जीएमसीएच, बेतिया ग्रामीणों के सहयोग से भेज दिया है। जहां सभी घ्यलोंका चिकित्सक द्वारा इलाज जारी है। घयलो में नंदकिशोर राम, भीष्म राजकुमार, बबीता देवी, ममता देवी, भगवती देवी, जानकी देवी, महेश ओझैया, गौतम के नाम शामिल है !

### बैरिया में 53 लीटर शराब बरामद तस्करों की पहचान के बाद मामला दर्ज कर

**चाणक्य भूमि बेतिया।** बैरिया थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भगवानपुर दियारा से 53 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि भगवानपुर दियारा में अवैध शराब का कारोबार हो रहा है।जिसकी भनक लगते ही पुलिस ने तुरंत टीम गठित कर गंडक दियारा के भगवानपुर पहुंच छापेमारी की जिसमे पुलिस को दूर से देखते ही धंधेबाज शराब छोड़ पुलिस को चक्कमा दे भागने में सफल रहा।मौके से 45 लीटर विदेशी व 8 लीटर देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने रनाहा सुरूजपुर निवासी संतोष यादव व दिनेश यादव को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

### साहेबपुर कमाल पुलिस ने 260 बोतल शराब किया बरामद

**बलिया (बेगूसराय)।** बलियाअनुमंडल अंतर्गत साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के अंतर्गत हीरा टोल जीरो माइल के पास से बुधवार की शाम को साहेबपुर कमाल पुलिस ने एक कर से 260 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया है। ऐसा माना जा रहा है की होली से पूर्व होली की तैयारी तस्करों के द्वारा इन दोनों जोर-जोर से चलाई जा रही है । जबकि कार का ड्राइवर और शराब तस्कर फरार होने में सफल हो गया । साहेबपुर कमाल थाना के अध्यक्ष दीपक कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया के बुधवार की शाम को जीरो माइल के पास हीरा टोल के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जिस क्रम में मुंगेर की ओर से सफेद रंग की एक कार आई और उसकी तलाशी करने का प्रयास किया । परंतु कार लेकर भागने का प्रयास किया। जिसे घेर कर रोका गया। इसी बीच ड्राइवर और तस्कर फरार होने में सफल हो गया । कार की तलाशी लेने पर कर के अंदर फर्श के नीचे छुपा कर 260 म, ल ब्लैक पैंथर अंग्रेजी विदेशी शराब जो 600 ml का एक बोतल था।जिसे ठिकाने लगाया जा रहा था । इस संबंध में फरार तस्कर एवं ड्राइवर के विरुद्ध साहेबपुर कमाल थाना में प्राथमिक दर्ज कर आगे के कार्रवाई की जा रही है।

### शराब मामले में फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार

**बखरी (बेगूसराय)।** बखरी नगर परिषद के गोढ़ियारी से बखरी पुलिस ने गुरुवार को एक व्यक्ति को शराब बेचने के मामले में फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति कि पहचान गोढ़ियारी निवासी नूनू बाबू सहनी के पुत्र कृष्णा कुमार के रूप में किया गया है। जानकारी देते हूए इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि 2021 में शराब बेचने के मामले में कृष्ण कुमार फरार चल रहा था।जिसके बाद कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बेगूसराय भेज दिया गया है।

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**बखरी (बेगूसराय)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बखरी थाना पुलिस के द्वारा क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।बखरी के डरहा पुल के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान मेन रोड से आवागमन करने वाले बिना हेल्मेट व बिना कागजात के चलने वाले चालकों को रोका गया। साथ ही जांच करते हुए हिदायत देते हुए छोड़ा गया। बिना हेल्मेट के वाहन का परिचालन कर रहे लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु हेल्मेट का अवश्य प्रयोग का निर्देश दिया गया।

# सरकारी विद्यालय से बच्चों में जागेगी प्रतिभा: उप महाप्रबंधक





**चाणक्य भूमि। छौराही बेगूसराय**

प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय लखन पट्टी में गुरुवार को विज्ञान मेला का आयोजन केनरा बैंक सहायक महाप्रबंधक घनश्याम पंकज एवं विद्यालय प्रधानाध्यापिका गुंचा शाहीन केकर कमल द्वारा फीता काटकर किया गया किया गया । विज्ञान मेले के अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक अवकाश प्राप्त सेनापति यादव की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया छात्र-छात्राओं पंचायत मुखिया मनीषा देवी विद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष दीपिका कुमारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। केनरा बैंक सहायक महा प्रबंधक श्री पंकज ने बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए रोसरा केनरा बैंक के द्वारा कंप्यूटर पंखा आर ओ वाटर स्पोर्ट्स किट हवाई बोर्ड वॉटर प्यूरीफायर कुलिंग विद्यालय को प्रदान किया गया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की सरकारी विद्यालय से ही हमारे देश में बेहतर स्थान प्राप्त किए हैं बीच में विद्यालय की स्थिति शिक्षकों की कमी के कारण डगमगा गई थी किंतु अब योग्य शिक्षक विद्यालय में पधरपन किए हैं सरकारी विद्यालय में बेहतर शिक्षा प्राप्त होगा छात्र-छात्रा सरकारी विद्यालय में नियमित रूप से अपने कक्ष में उपस्थित होकर बेहतर शिक्षा प्राप्त करें। हमारे देश का भविष्य छात्र-छात्रा है सरकार साड़ी सुविधा प्रदान कर रही है सरकारी विद्यालय से बेहतर निजी विद्यालय में शिक्षा नहीं प्राप्त की जा सकती है यहां गरीबों के बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। महिला प्रधानाध्यापक की विद्यालय की व्यवस्था को देखकर तारीफ करते कहा कि इनकी जितनी भी तारीफ की जाए वह काम है उन्होंने विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक से बेहतर शिक्षा देने का आह्वान किया है। मौके पर केनरा बैंक रोसरा के शाखा प्रबंधक दुर्गानंद बी आर पी बृजनंदन प्रसाद सिंह मध्य विद्यालय सिहमा प्रधानाध्यापक अमित कुमार राय मध्य विद्यालय लखन पट्टी में कार्यरत शिक्षक सरोज कुमार भावेश कुमार मुकेश पासवान अमिताभ कुमार प्रत्यूष कुमार रविंद्र कुमार वर्मा परमानंद कुमार राजमान गौतम समेत अन्य उपस्थित थे।

## शेखपुरा के पिंटू सिंह हत्याकांड में पुलिस को साढ़े तीन माह बाद मिली सफलता

- तकनीकी अनुसंधान व प्राप्त इनपुट के आधार पर एक अप्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि। छौड़ाही बेगुसराय**



छौड़ाही व गढपुरा की सीमा से सटे ओपी क्षेत्र अंतर्गत गड़खैया नाला के निकट बीते 14 जुलाई को डेरा पर सोए शेखपुरा के पिंटु सिंह हत्याकांड में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान तथा प्राप्त इनपुट के आधार पर हत्याकांड में शामिल एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान नावकोठी थाना क्षेत्र के महेशवाड़ा निवासी जय-जयराम यादव के पुत्र गौतम कुमार के रूप में हुई है। पुष्टि करते हुए ओपी अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के बाद उक्त अभियुक्त बिहार से फरार हो गया था और वापसी के बाद यह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। हालांकि पिंटू सिंह की गोली मारकर हत्या किन कारणों से की गई इसके संदर्भ में पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। गौरतलब है कि तकरीबन साढ़े तीन माह पूर्व सुनसान बहियार स्थित कनौसी निवासी देवनारायण सिंह के डेरा पर संध्या के समय हथियारबंद अपराधियों ने पिंटू सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसमें डेरा स्वामी ने गोलमटोल बात कह मृतक को अपना रिश्तेदार बताकर एकंबा तथा कनौसी ग्राम के कुछ किसानों पर हत्या का आरोप लगाया। हालांकि घटना की सूचना के बाद शेखपुरा से पहुंचे मृतक के भाई द्वारा अज्ञात के विरूद्ध आवेदन मिलने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया। उक्त मर्डर केस में दोषी बचे नहीं और निर्दोष फंसे नहीं इसके लिए एसपी के निर्देश पर एक टीम गठित की गयी। जिसमें एसडीपीओ एसके रंजन के नेतृत्व में ओपी अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, पुअनि सुभाषचंद्र ना सिंह, मंजू कुमारी सशस्त्र पुलिस बल के अलावा जिला आसूचना ईकाई को शामिल किया गया। तकनीकी व लोगों से मिले इनपुट पर जारी अनुसंधान के क्रम में पुलिस को हत्याकांड में शामिल चार ज्ञात एवं तीन अज्ञात लोगों की संलिप्तता सामने आई। जिसके आलोक में पुलिस ने एक अप्राथमिक अभियुक्त को गुप्त सूचना के आधार पर स्कॉर्पियो वाहन के साथ गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

## जन सुराज की टीम ने नौला अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच खाद्य सामग्रियों का किया वितरण



**चाणक्य भूमि। भगवानपुर बेगूसराय**

भगवानपुर थाना क्षेत्र के नौला गांव में जन सुराज की टीम द्वारा आग लगी स्थल पर पहुंचकर अग्नि पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व जन सुराज टीम के प्रखंड संयोजक गुलशन सिंह राणा ने किया। प्रखंड संयोजक ने बताया कि सूची बनाकर कुल 30 अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच चावल,दाल सोयाबीन,आलू व नमक आदि का पैकेट बनाकर वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि पीड़ितों व वंचितों की मदद करना ही असली व सच्ची समाज सेवा है। दुःख की इस घड़ी में जन सुराज की टीम अग्नि पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए तैयार है । मौके पर टीम के सह संयोजक चंदन कुमार ,यूथ क्लब के किशोर कुमार, कुंदन कुमार, डॉक्टर के के विक्रम, नीतीश कुमार, रवि कुमार, प्रवीण कुमार, चंदन कुमार समेत जन सुराज टीम के कार्यकर्ता व अग्नि पीड़ित परिवार मौजूद थे।

# 2024 चुनाव से पहले सीएए नियमों की अधिसूचना गंभीर राजनीतिक साजिश - माले

**चाणक्य भूमि। बेगूसराय!**



माले के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर जिला कार्यालय कमलेश्वरी भवन से कार्यकर्ताओं का मार्च निकाला गया। जो कैंटीन चौक समाहरणालय द्वार पर प्रदर्शन सभा में परिणत हो गया। कार्यक्रम में भाकपा माले जिलासचिव दिवाकर प्रसाद,खेग्रामस जिलासचिव चन्द्रदेव वर्मा,राजेश श्रीवास्तव,गौड़ी पासवान,प्रमोद पौद्दार,नूरूल इस्लाम जिम्मी,रंजन पासवान,बवीता देवी,तैरूण खातुन,मुकेश पासवान,गीता पासवान,दिलीप पासवान,रेहाना खातुन,ललिता देवी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिलासचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा कि दिसम्बर 2019 में पास किये गये भेदभावकारी और विभाजनकारी अन्यायपूर्ण नागरिकता संशोधन कानून को लागू करने वाली नियमावली की अधिसूचना 2024 चुनावों की अधिसूचना आने से ठीक पहले जारी करना एक राजनीतिक साजिश का संकेत है. जैसा कि अमित शाह ने खुद सीएए की 'क्रोनोलॉजी' समझाते हुए कहा था कि इस कानून को लागू करने के बाद एनआरसी—एनपीआर को देशव्यापी स्तर पर लाया जायेगा जिसके माध्यम से दस्तावेज न दिखा पाने वाले नागरिकों को नागरिकता के अधिकार से वंचित कर दिया जायेगा. सीएए नागरिकों को धर्म के आधार पर बांटने के मकसद से लाया गया है, जो भ्रामक रूप से गैरमुस्लिम 'शरणार्थियों' को नागरिकता देने और मुसलमानों की नागरिकता छीनने, यहां तक कि देशनिकाला देने, तक की बात करता है. लेकिन असम में की गयी एनआरसी की कवायद और देश में जगह—जगह चलाये जा रहे बुलडोजर ध्वस्तीकरण अभियानों से स्पष्ट हो चुका है कि आदिवासियों और वनवासियों समेत सभी समुदायों के गरीब इससे प्रभावित होंगे. देश का लोकतांत्रिक अभिमत और समान नागरिकता एवं संवैधानिक अधिकार आन्दोलन ने सीएए—एनआरसी के पूरे पैकेज को संविधान पर हमला बता कर खारिज कर दिया है. चुनाव से पहले सीएए नियमावली की अधिसूचना ने लोकतंत्र के संवैधानिक आधार को बचाने के जनआन्दोलन की अनिवार्यता को पुनः रेखांकित किया है. मोदी सरकार को आगामी आम चुनावों में सत्ताच्युत करना जरूरी हो गया है. हम अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत समाज के सभी तबकों से — एमएसपी के कानूनी अधिकार के लिए लड़ रहे किसानों, श्रम अधिकारों के लिए लड़ने वाला मजदूर वर्ग, पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए संघर्षरत सरकारी कर्मचारियों, सुरक्षित रोजगार की मांग कर रहे युवाओं, आजादी, सुरक्षा और समान अधिकारों के लिए संघर्षरत महिलाओं, जातीय जनगणना व विस्तारित आरक्षण की मांग कर रहे वंचित लोगों, क्षेत्रीय पहचान और संघीय लोकतंत्र की संवैधानिक गारंटी की जद्दोजहद में जुटीं राष्ट्रीयताओं — से अपील करते हैं कि वे भेदभावपूर्ण और विभाजनकारी सीएए के विरुद्ध समान नागरिकता आन्दोलन का साथ दें. हमें एकजुट रहना होगा ताकि जनता को बांटने, व आगामी चुनावों में फासिस्ट ताकतों को शिकस्त देने के मिशन से जनता का ध्यान हटाने की मोदी सरकार और भाजपा की साजिश नाकामयाब हो.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संवाद कार्यक्रम का आयोजन






**चाणक्य भूमि। बेगूसराय**

माननीय प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम का आयोजन विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों के अंतर्गत् आने वाले जिला एवं नगर निकाय के लाभुकों के साथ सम्पन्न हुआ। समाहरणालय, बेगूसराय स्थित कारगिल सभा भवन में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें जिला पदाधिकारी, बेगूसराय, नगर आयुक्त, बेगूसराय, उप विकास आयुक्त, बेगूसराय, जिला कल्याण पदाधिकारी, बेगूसराय तथा अन्य पदाधिकारी विडियों कान्फ्रेसिंग में उपस्थित हुए। माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा SU-RAJ योजना के तहत् वंचित वर्ग के लोगों को ऋण सहायता हेतु राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ रिमोट दबाकर किया गया। माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा रिमोट दबाते ही वंचित वर्ग के लाभुकों को उनके खाते में ऋण की राशि अंतरित हुई। बेगूसराय जिला के कुल 31 लाभुकों को इस योजना के तहत् लाभान्वित किया गया।वही जिला पदाधिकारी, श्री रोशन कुशवाहा, के द्वारा इस जिला में कार्यरत् कुल-10 सीवेज/सेप्टीक टैंक कामगारों के मध्य डेमो आयुष्मान हेल्थ कार्ड का भी वितरण किया गया। इस जिला में सीवेज/सेप्टीक टैंक कामगारों के मध्य कुल आयुष्मान हेल्थ कार्ड के लाभुकों की संख्या-39 बतायी गयी। साथ ही 05 लाभुकों के बीच डेमो कार्ड के माध्यम से ऋण से भी लाभान्वित किया गया। इस जिला के विभिन्न नगर निकाय में कार्यरत् कुल-34 सीवेज/सेप्टीक टैंक सफाई कर्मी को जिला पदाधिकारी, बेगूसराय के द्वारा पी०पी०ई० किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 97 लाभुकों ने हिस्सा लिया जिनमें से कुल 70 लाभुकों को तत्कालीक रूप से लाभान्वित किया गया।

## बिजली बिल जमा करने वाले गांवों की काटी गई बिजली

**चाणक्य भूमि। रजौली**

प्रखण्ड क्षेत्र में बिजली बकाया को लेकर बिजली कर्मियों द्वारा डोर टू डोर जाकर पैसे वसूलने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।गुरुवार को बकाया बिल रहने के कारण 36 उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया गया।विद्युत कनीय अभियंता भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि गुरुवार को कुल 53250 रुपये बकाया राशि वसूल की गई।

साथ ही कहा कि काटे गए बिजली उपभोक्ताओं द्वारा यदि बिजली का उपभोग करते हुए पाया गया तो उनके विरुद्ध बिजली चोरी को लेकर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।साथ ही कहा कि खुशीहाली भित्ता,बखोरी,भड़रा व करहरा गांव के 11 केवी तार को खोल दिया गया है।

वहीं बिराज, अधबरवा, चपहेल, छतनी, ढ़ाब, माथाडीह, मानडीह, जोगनी, परसा, कर्मा खुर्द, परनपुरा,गागन बुजुर्ग, गागन खुर्द, फरका बुजुर्ग, बलुआ, सिरोडावर, एकम्बा एवं बीजवन गांवों का लाइन खोला जाएगा। बकाया वसूली अभियान में मीटर रीडर सुपरवाइजर इरफान आलम,बिजली मिस्त्री धर्मेंद्र कुमार,मीटर रीडर इरशाद अहमद आदि मौजूद थे।

## अवैध महुआ शराब के साथ दो कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**चाणक्य भूमि। बछवाड़ा (बेगूसराय)**

बछवाड़ा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी कर बछवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध महुआ शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है । मामले को लेकर थानाध्यक्ष बछवाड़ा अमित कुमार कांत ने बताया कि अरवा पंचायत के अरवा गांव निवासी स्वर्गीय ज्ञानी सहनी के पुत्र शिवचंद्र सहनी व चमथा एक पंचायत के चमथा बालू पर गांव निवासी जवाहिर महतो के पुत्र बद्री महतो को गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अरवा गांव वह चमथा बालू पर गांव में अवैध महुआ शराब का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है । गुप्त सूचना के आधार पर अरवा पंचायत के अरवा गांव छापेमारी की गई । छापेमारी के दौरान शिवचंद्र सहनी के पैतृक आवास से 5 लीटर अवैध देसी महुआ शराब बरामद किया गया । साथ ही कारोबारी को गिरफ्तार किया गया । वही चमथा एक पंचायत के चमथा बालू पर गांव में छापेमारी की गई । छापेमारी के दौरान बद्री महतो के घर से 7 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही उक्त कारोबारी को गिरफ्तार किया गया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों कारोबारी के विरुद्ध बिहार शराबबंदी और मध निषेध अधिनियम उल्लंघन मामले के तहत प्राथमिक की दर्ज की गई है । गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत बेगूसराय भेज दिया गया है । वही दोनों शराब कारोबारी के पकड़े जाने को लेकर इलाके में अवैध शराब कारोबारी में हरकम्प मचा हुआ है ।

# पशु बांझपन शिविर का आयोजन





**चाणक्य भूमि। छौराही बेगूसराय**

छोराही प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत एकंबा वार्ड संख्या 11 निवासी रामदास के निवास स्थान पर गुरुवार को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार सरकार पशुपालन निदेशालय साथ निश्चय दो के तहत पशु बांझपन शिविर का आयोजन गुरुवार को चौरई के पशु चिकित्सक डॉक्टर मकेश्वर साहू पशुपालक राम पुकार यादव के कर कमल के द्वारा फीता काटकर प्रारंभ किया गया। सिविल में पशुओं में विभिन्न प्रकार की बीमारी से होने वाले निज एट दवाइयां का प्रयोग बांझपन से निजात कैसे मिले सारी चीजों की जानकारी विस्तार से डॉक्टर के द्वारा पशुपालक को दिया गया। जानकारी देते डॉक्टर श्री साहू ने बताया कि 61 पशुपालक शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए तकरीबन 200 पशु को चिकित्सा सुविधा दवा के साथ प्रदान किया गया। मौके पर मंझौल पशु चिकित्सालय डॉक्टर चंद्रशेखर कुमार पशुपालक अरुण सिंह प्रमोद सिंह अमरजीत सिंह विकास कुमार सिंह भूपेश यादव राम पुकार यादव समेत अन्य पशुपालक उपस्थित थे।

# अगलगी में 10 घर जलकर राख

» मझौलिया के रतन माला की घटना
» दो झुलसे,दो मवेशियों की मौत
» लाखों की घरेलू सामग्री नष्ट





चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**। गुरुवार को रतनमाला पंचायत के वार्ड नं 10 हजाम टोली में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में दस घर जलकर नष्ट हो गया ,वही एक बृद्ध महिला और एक युवक बुरी तरह झुलस गये।पंचायत के मुखिया निर्मला तिवारी की सूचना पर पहुंची मझौलिया थाना और जिला से आये अग्निशमन टीम की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।बताया गया है कि अगलगी में शिवपूजन ठाकुर,भुलन ठाकुर,रतन ठाकुर,श्रीकिशुन ठाकुर, उमेश ठाकुर, दिनेश ठाकुर,रमेश ठाकुर,सुखाड़ि साह,हरिद्वार साह का घर जलकर नष्ट हो गया ।वही भुलन ठाकुर की माता मुसमात मनमातो देवी बुरी तरह झुलस गयी।यह फुस के घर मे फंस गयी थी,चारो तरफ़ आग से घिर गयी थी।चिल्लाने पर ग्रामीण जुटे और बड़ी मुश्किल से निकाला गया।वही एक युवक प्रिंस कुमार आग बुझाने में झुलस गया।इसका हाथ और पैर बुरी तरह झुलस गया है।आग से झुलसे दोनो घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी मझौलिया भेजा गया ,जहां दोनो भर्ती है।पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता मिथलेश मिश्र



ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग और अग्निशमन के मशक्कत से आग पर काबू पाया गया।नतीजतन पूरा गावं साफ हो जाता।आग की लपटें बड़ी तेज थी।दो मवेशी भी झुलसकर इस आग की भेंट चढ़ गया।सबसे अधिक नुकसान अनाज,कपड़ा और बर्तन का हुआ है।पीड़ित सिर धुन रहे है।घटनास्थल पर मुआयना के लिये सीओ का टीम रवाना हो चुका है।इस अगलगी का बड़ी हाहाकार है।

# श्रीराम कथा महायज्ञ के लिये निकाली माधोपुर में कलश यात्रा



चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया** । माधोपुर में आयोजित नौ दिवसीय रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ को लेकर गुरुवार भव्य कलश यात्रा निकाली गयी।कलश यात्रा में हजारों की संख्या।में शामिल कुंवारी कन्याओं तथा श्रद्धालुओ ने अमवा मन घाट से जलबोझी किया।जलबोझी के दौरान जय श्रीराम का नारा गूंजता रहा। महायज्ञ के आचार्य मंटू पाठक तथा रामायणी जगदीश बाबा ने बताया कि यह आध्यत्मिक उत्साह नौ दिनों तक चलेगा।अयोध्या से आये कथा वाचक श्रीराम कथा कहेंगे।ज्ञान गंगा बहेगी।जलबोझी में बैंड बाजा,हाथी घोड़ा और रंग बिरंगे परिधान में सुसज्जित श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र बने रहे।शांति व्यवस्था के लिये पूजा कमेटी के सदस्य तथा मझौलिया पुलिस चौकस दिखी।









# बेतिया नगर निगम का का 2024-25 का बजट पारित

## घंटों चर्चा में व्यापक विमर्श और बहस के बाद वर्ष 2024-25 के लिए नगर निगम का कुल 516 करोड़ का बजट पारित:गरिमा

» स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जन जीवन, सुगम आवागमन के साथ महिलाओं हेतु पिंक टॉयलेट, प्याऊ, छात्रों के लिए वार्डवार पुस्तकालय एवं संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र का सर्वांगीण विकास का महापौर ने व्यक्त किया संकल्प

» संपूर्ण क्षेत्र में बुनियादी स्तर की नागरिक सुविधाओं के विस्तार में सम्पूर्ण विकास हेतु डीपीआर का निर्माण के साथ इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम, वाटर स्प्रिंकलर से पानी छिड़काव के साथ निर्धारित समयबद्धता का अनुपालन सुनिश्चित करने को बताया बजट प्रारूप का आधार,



बेतियाः वर्ष 2024-25 के बजट प्रारूप को स्वीकृति के लिए नगर निगम बोर्ड की विशेष बैठक का आयोजन गुरुवार को नगर निगम के सभागार किया गया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में नगर निगम के पार्षदगण के बीच घंटों चर्चा में व्यापक तौर पर बिंदुवार विमर्श किया गया। प्रत्येक विषय के ऊपर विस्तृत बहस के और चर्चा के बाद वर्ष 2024-25 के लिए नगर निगम का कुल 516 करोड़ का बजट पारित होने की जानकारी महापौर के द्वारा दी गई। बजट की विशेषताओं के बाबत महापौर ने बताया कि बजट की प्राथमिकताओं में नगर निगम का स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जन जीवन की सुविधाओं का संबर्द्धन पर जोर दिया गया है। पूरे नगर निगम क्षेत्र में सुगम आवागमन के साथ संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र का सर्वांगीण विकास का संकल्प महापौर के द्वारा व्यक्त किया गया। श्रीमती सिकारिया ने बताया कि संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में बुनियादी स्तर की नागरिक सुविधाओं के विस्तार में को उच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है। जिसके लिए निर्धारित समयबद्धता का अनुपालन सुनिश्चित करने को महापौर ने प्रस्तुत बजट प्रारूप का आधार बताया। नगर निगम के सघन शहरी क्षेत्र में खतरनाक स्तर पर पहुंचे पर्यावरण में सुधार के लिए मोटर चालित स्प्रिंकलर मशीन से पानी का नियमित छिड़काव और वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन की योजना को प्रस्तावित बजट में उच्च प्राथमिकता देते हुए कचरा से खाद उत्पादन का प्लॉट लॉन्च करने की व्यवस्था बजट में किए जाने की जानकारी दी। स्वच्छता अभियान को गुणात्मक रूप में सफल बनाने के लिए संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में शौचालय, मूत्रालयों की व्यवस्था पर्याप्त संख्या में करने के प्रस्ताव को बजट में शामिल बताया। प्रत्येक वार्ड में पुस्तकालय स्थापित करने के साथ स्कूली शिक्षा व्यवस्था को नई शिक्षा नीति के नए प्रावधानों का प्रारूप बजट में शामिल होने की जानकारी दी। इसके साथ ही उपरोक्त लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राजस्व वृद्धि को भी श्रीमती सिकारिया ने बेहद जरूरी बताया। इसके लिए प्रॉपर्टी टैक्स की अब तक की औसतन 6 से 7 करोड़ की सालाना वसूली को सालाना 32 करोड़ तक पहुंचाने के लक्ष्य को बजट प्रारूप में शामिल बताया। बजट प्रारूप में प्रारंभिक पूंजी 173 करोड़, संपूर्ण आमद कुल 425 करोड़ और खर्च 516 करोड़ के बाद भी अगले वित्तीय वर्ष के लिए कुल 73 करोड़ सरप्लस पूंजी उपलब्ध होने का प्रावधान बजट प्रारूप में शामिल होने की जानकारी सदस्य पार्षदगण ताली के बीच दी। महापौर ने कहा कि बजट में दिव्यांगों हेतु आवश्यक उपकरण, प्रदुषण नियंत्रण संयन्त्र, विद्युत् एवं पारम्परिक शवदाहगृह निर्माण, वाटर एटीएम, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, पोखरों के किनारे टूरिज्म पॉइंट, बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क, पौधा रोपण, सोख्ता निर्माण, तालाब का उड़ाहीकरण, फाउंटेंन निर्माण, स्वागत द्वार, महापुरुषों एवं स्वतंत्रता सेनानीयों की मूर्तियों का निर्माण, वेंडिंग जोन निर्माण, रैनबसेरा निर्माण, मलिन बस्ती उदारीकरण, सामुदायिक भवन एवं वृद्धआश्रम निर्माण, सबके लिए आवास, ओपन जीम एवं मल्टीस्टोरेज बिल्डिंग को भी सम्मिलित किया गया है।












# बेतिया रेलवे स्टेशन के नये लिफ्ट का सांसद ने किया उदघाटन

## आनेवाले दिनों में वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनेगा बेतिया:सांसद

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



लिफ्ट का उदघाटन करते सांसद

**बेतिया**। गुरुवार को रेलवे स्टेशन बेतिया स्थित लिफ्ट का उदघाटन सांसद डॉ संजय जायसवाल ने फीता काटकर किया।उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मोदी सरकार में शिलान्यास के साथ ही काम पूरा कर उदघाटन भी किया जाता है।सांसद ने कहा कि आने वाले दिनों में बेतिया रेलवे स्टेशन वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनेगा।जिसके तहत सभी आधुनिक सुविधाए यात्रियों को मिलेगी।इस अवसर पर चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह,सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह, प्रतीक एडविन शर्मा, राजेश सोनी,सतेंद्र सिंह,सीनियर डी ई ई संजय कुमार, सेक्शन इंजीनियर सुजीत कुमार,आईओडब्ल्यू मंजय कुमार, स्टेशन अधीक्षक लालबाबू राउत,अंकित कुमार सोनी जीआरपी के सुनील कुमार सिंह, आरपीएफ के संजय कुमार प्रसाद,सीएस के के मिश्र ,रूपेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। लिफ्ट पाकर रेलवे यात्री उत्साहित दिखे।

# व्यापारियों ने दर्ज किया नप के खिलाफ विरोध सांसद ने दिया आश्वासन

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र



रक्सौल नगर परिषद के द्वारा बीते दिन हटाये गए अतिक्रमण के खिलाफ शहर के पोस्ट ऑफिस रोड के व्यापारियों ने नप के खिलाफ विरोध में अपने दुकानें बंद रखी। व्यापारियों का कहना है की नप कर्मियों द्वारा हिटलर शाही कर दुकानों का शेड तोड़ा गया। वही दुकान के ऊपर लगे होडिंग को तोड़ दिया गया। इतना ही नहीं इसका विरोध करने पर लाठी डंडे से मारा गया। साथ ही मामला दर्ज कर व्यापारी को जेल भेजा गया है। सांसद संजय जायसवाल पोस्ट ऑफिस रोड जा कर दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्वासन दिलाया कि प्रशासन से न्याय दिलवाया जाएगा।उन्होंने व्यापरियों से कहा कि वो इस सम्बंध में डीएम और एसडीएम को लिखित शिकायत करें उसके बाद वो उनसे जाँच करवाएंगे।









# नो केन की त्राशदी झेल रहा सुगर मिल

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया। नो केन की त्रासदी झेल रहा है मझौलिया शुगर मिल।पेराई सत्र समापन का दो नोटिस किसानों के नाम सार्वजनिक कर चस्पा दिया गया है। सरकारी महकमे में सूचित कर दिया गया है।17 मार्च को पेराई सत्र का समापन हो जायेगा।ध्वनि विस्तार यंत्र से इस वावत लगातार प्रचार प्रसार कर जल्द से जल्द गन्ना आपूर्ति करने का अनुरोध किया जा रहा है।जानकारी गन्ना महाप्रवंधक डॉ.जे पी त्रिपाठी ने दी।उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पूर्व ही चालान की पर्ची फ्री कर दिया गया है।**

# कल और परसों नीतीश के चंपारण में रहने की सम्भावना



चाणक्य भूमि बेतिया

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम का संभावित कार्यक्रम है। और इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व से चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया जायेगा साथ ही कई विभागों के निर्माण का उद्घाटन व शिलान्यास कर सकते हैं।प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में नीतीश के नहीं शामिल होने की वजह से जदयू कार्यकर्ताओं में उत्साह नहीं दिख रहा था। लेकिन मुख्यमंत्री के सम्भावित कार्यक्रम से कार्यकर्ता उत्साहित है।

# पूर्वी सरेया में आज झांकी के साथ निकलेगा कलश शोभा यात्रा

## पुरजोर तैयारी

चाण्क्यभूमि (कनकलता)

**बेतिया**। पूर्वी सरेया पंचायत के वार्ड नं 06 कचहरी टोला मेंआयोजित श्री विष्णु महायज्ञ सह सामूहिक कन्या विवाह के लिये शुक्रवार 15 मार्च को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जायेगी।इसके लिये तैयारी। पूरी कर ली गयी है।जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष सह मुखिया प्रत्तिनिधि भाई चंद्र भूषण पांडेय ने दी।उन्होंने बताया कि कलश यात्रा में भव्य झांकियों की प्रस्तुति की जायेगी।उन्होंने बताया कि इसके साथ ही 22 मार्च को सामूहिक शादी तथा 24 मार्च को समापन समारोह होगा।पूरे ग्रामीण तन मन धन से जुटे हुए है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714